BSEI-004

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT (ACSM)

Term-End Examination

00966

June, 2013

BSEI-004 : LAW AND ENFORCEMENT

Time : 3 hours *Maximum Marks : **100***

नोट : *प्रश्न 1 के **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रश्न 2 में से **किन्हीं सात** एवं प्रश्न 3 में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें।*

---

1. (a) निम्नलिखित में से **सही** या **गलत** पर निशान लगायें : **1x10=10**

(i) आंशिक हड़ताल सभी कर्मचारियों द्वारा मिलकर की जाती है। ( )

(ii) आन्दोलन के समय एक सुरक्षाकर्मी सुरक्षा कार्य की योजना को ध्यान में नहीं रख कर आन्दोलन की रोकथाम का उपाय करेगा। ( )

(iii) आन्दोलन के समय एक सुरक्षा-कर्मी हथियार लेकर चलेगा। ( )

(iv) CrPC की धारा-41 के अनुसार एक पुलिस अफसर, किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ़्तार कर नहीं सकता है। ( )

(v) जब कोई अपराधी दुर्घटना स्थल से दूर भागता है तो उसे सुरक्षाकर्मी नज़र अंदाज कर देगा। ( )

(vi) एक सुरक्षाकर्मी को तलाशी के समबन्ध में पुलिस की बराबरी हासिल है। ( )

(vii) धारा 425 बेईमानी और शैतानी के बारे में बताता है। ( )

(viii) प्रत्यक्ष साक्ष्य उसे कहते हैं, जिसे हम देखते, सुनते या फिर महसूस करते हैं। ( )

(ix) सुरक्षा कर्मी का यह कर्तव्य नहीं है कि वे किसी भी घटना के बारे में रिर्पोट सीधी रूप से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधकर्ता को दें। ( )

(x) सावधान करने वाले चिन्ह एक सुरक्षा कर्मी को जानने जरूरी नहीं होती है। ( )

(b) नीचे दिये गये वाक्यों में खाली स्थान की पूर्ति कीजिए। **1x10=10**

(i) किसी अधिकारी के घेराव की सूचना मिलने पर सिक्युरिटि ऑफिसर __________ को सूचित करेगा।

(ii) आन्दोलन के समय संवेदनशील और __________ जगहों की पहचान करनी चाहिए।

(iii) आन्दोलन के समय कर्मचारी और __________ की सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।

(iv) धारा __________ अपराधिक अतिक्रमण के अन्दर आता है, या उसके बारे में बताता है।

(v) कानून अपराधी को __________ दिलाने में सहायक सिद्ध होती है।

(vi) अधिनियम के अनुसार एक कर्मचारी को कम्पनी के__________ को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिये।

(vii) साक्ष्य __________ प्रकार के होते हैं।

(viii) एक सुरक्षाकर्मी उन घटनाओं पर ध्यान केन्द्रित करेगा जो कर्मचारी के लिए __________ का कारण बन सकती है।

(ix) एक सुरक्षाकर्मी __________ के समय अलार्म का इस्तेमाल करेगा।

(x) __________ का प्रयोग एक सुरक्षाकर्मी, खतरों की जानकारी के लिए करता है।

(c) **स्तंभ 'अ'** का **स्तंभ 'ब'** से मिलान करें : **1x4=4**

स्तंभ 'अ'	**स्तंभ 'ब'**
(i) सुरक्षा कर्मी	(A) खतरों को भाँपना
(ii) संकेतक चिन्ह्	(B) लूट
(iii) धारा 425	(C) आवागमन पर नियंत्रण
(iv) धारा 360	(D) बेईमानी

(d) सही उत्तर का चयन करें। **1x4=4**

(i) सुरक्षा कार्य की योजना :

(A) आवागमन पर कड़ा नियंत्रण

(B) खुफिया तंत्र को बढ़ाना

(C) आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था करना।

(D) उपरोक्त सभी।

(ii) घेराव के दौरान ध्यान में रखने वाली बातें :

(A) कर्मचारियों के साथ वाद-विवाद करें।

(B) आन्दोलनकारियों को भड़कने का मौका दें।

(C) शांत रहे और प्रसन्नचित नजर आयें।

(D) आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करें।

(iii) भूख हड़ताल का उदाहरण :

(A) बिना भोजन और पानी के भूख हड़ताल पर बैठते हैं।

(B) कर्मचारी काम को धीरे करके उत्पादन पर इसका असर डालते हैं।

(C) प्रबंधन पर दबाव डालकर अपने काम को मनवाना।

(D) यह एक शांति आन्दोलन होता है।

(iv) घेराव का कारण

(A) आत्मविश्वास पूर्ण होना।

(B) बातचीत का बना रहना।

(C) झूठा प्रचार

(D) कम्पनी की आर्थिक स्थिति में बेहतरी आना।

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों का उत्तर दें : 7x6=42

(a) हड़ताल किसे कहते हैं? किन्हीं चार प्रकार का वर्णन करें।

(b) 'नियम के अनुसार काम करो' (Work to Rule) से आपका क्या तात्पर्य है? संक्षेप में लिखें।

(c) आन्दोलन के समय सुरक्षा विभाग की मुख्य भूमिका के बारे में बतायें।

(d) आप FIR से क्या समझते हैं, और एक सुरक्षा कर्मी किन परिस्थितियों में FIR दर्ज कर सकता है?

(e) धारा 378 किस विषय के बारे में व्याख्या करती है? समझायें।

(f) प्रदाता की जिम्मेदारियों को निभाने में सुरक्षाकर्मी क्या योगदान कर सकता है? संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(g) दुर्घटना घटित होने पर एक सुरक्षा कर्मी क्या कार्रवाई करेगा?

(h) कानून लागू करने के पीछे क्या उद्देश्य होता है? संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(i) ड्यूटी के दौरान एक सुरक्षाकर्मी को किन-किन हादसों/मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है? संक्षिप्त वर्णन करें।

(j) सुरक्षा चिन्ह कितने प्रकार के होते हैं? संक्षिप्त वर्णन करें।

3. निम्नलिखित में से **कोई तीन** प्रश्न का उत्तर दें : **3x10=30**

(a) आन्दोलन के समय सिक्युरिटी विभाग/सुरक्षा विभाग को स्थिति से निपटने के लिए क्या कार्रवाही करनी पड़ती है? विस्तार से लिखें।

(b) घेराव की स्थिति क्यों पैदा होती है? उससे उत्पन्न होनी वाली कठिनाइयों एवं घेराव की स्थिति से निपटने की तैयारी के बारे में बतायें।

(c) भारतीय दण्ड संहिता से आप क्या समझते हैं? विस्तार से लिखें।

(d) दुर्घटना एवं खतरनाक हादसों की जानकारी के महत्व के बारे में विस्तार से वर्णन करें।

(e) बचाव से आप क्या समझते हैं एवं बचाव हेतु प्रयोग में आने वाली आवरण व उपकरण का विस्तार से वर्णन करें।